उत्पल कुमार सिंह
Utpal Kumar Singh

मुख्य सचिव
Chief Secretary

उत्तराखण्ड शासन
Govt. of Uttarakhand
नेताजी सुभाष चन्द्र बोस भवन
Netaji Subhash Chandra Bose Bhawan
सचिवालय
Secretariat
4, सुभाष मार्ग, देहरादून
4, Subhash Marg, Dehradun
Phone (Off.) 0135-2712100
0135-2712200
(Fax) 0135-2712500
E-mail cs-uttarakhand@nic.in

अर्द्धशा. सं. 170 / नि0स0–मु.स./2020
देहरादून, दिनांक मार्च, 2020

विषय : COVID 19 के सन्दर्भ में अपील।

आप सभी भिज्ञ हैं कि COVID19 संक्रमण बहुत तीव्र गति से दुनिया के देशों में फैल रहा है। भारतवर्ष इस आपदा से अछूता नहीं है। उत्तराखण्ड में भी अब तक 3 COVID 19 मामले प्रकाश में आए हैं अतएव संक्रमण को इसी stage पर रोकने के लिए हर सम्भव प्रयास किया जाना जनहित में सर्वोपरि होगा।

विशेषज्ञों का मानना है कि इस संक्रमण को एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलने से रोकने में social distancing सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है। ऐसा करना इस संक्रमण के विस्तार की श्रंखला को तोड़ने में सर्वाधिक सहायक होगा। इसी बात को ध्यान में रखकर मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा दिनांक 19.03.2020 को राष्ट्र के नाम संदेश में social distancing के महत्व को प्रमुख स्थान दिया गया तथा दिनांक 22.03.2020 को प्रातः 7:00 बजे से सांय 9:00 बजे तक जनता कर्फ्यू का आहवान किया है।

आप सभी सम्मानित जनप्रतिनिधि होने के नाते आप सभी से बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्या आदि लेकर दैनिक मिलते हैं। इन मिलने वाले अधिकांश लोगों की स्वास्थ्य status की जानकारी नहीं होती है और न ही यह ज्ञात हो पाता है कि जाने–अनजाने में ऐसे लोग इस बीमारी से ग्रसित तो नहीं अथवा किसी COVID 19 से संक्रमित व्यक्ति के सम्पर्क में तो नहीं आये हैं। ऐसी परिस्थिति में इस तीव्रगति से फैलने वाली बीमारी का इन्हीं व्यक्तियों के मध्य संक्रमण की आशंका और अधिक हो जाती है। यही कारण है कि दुनिया में कई जनप्रतिनिधि गण को COVID 19 वाहक के सम्पर्क में आने के कारण quarantine पर रखा जाना पड़ा है। इसी क्रम में राज्य सरकार द्वारा भी आदेश दिनांक 16 मार्च, 2020 COVID 19 के प्रसार को रोकने की दिशा में राज्यभर में किसी भी स्थान पर 50 से अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने को प्रतिबन्धित किया गया है।

ऐसी दशा में आप सभी से निवेदन है कि आगामी 15 दिन तक अपने यहाँ जनता दर्शन/जनता मिलन कार्यक्रमों को पूरी तरह से स्थगित करने पर विचार करें। इसके अलावा ऐसे किसी भी कार्यक्रम में प्रतिभाग करना उचित नहीं होगा, बल्कि उन्हें हतोत्साहित करना श्रेयस्कर होगा जिनमें लोगों के इकट्ठा होने की संभावना बनती हो। आप सभी के इस निर्णय से COVID 19 के संक्रमण और फैलाव को रोकने की दिशा में राष्ट्रव्यापी प्रयास को काफी शक्ति तो मिलेगी ही, साथ ही आप एवं आपके सम्पर्क में आने वाले सभी व्यक्तियों के स्वास्थ्य की भी रक्षा हो सकेगी।

भवदीय,

(उत्पल कुमार सिंह)

समस्त मा0 विधायकगण,
उत्तराखण्ड।

Scanned with CamScanner

उत्पल कुमार सिंह
Utpal Kumar Singh

मुख्य सचिव
Chief Secretary

उत्तराखण्ड शासन
Govt. of Uttarakhand
नेताजी सुभाष चन्द्र बोस भवन
Netaji Subhash Chandra Bose Bhawan
सचिवालय
Secretariat
4, सुभाष मार्ग, देहरादून
4, Subhash Marg, Dehradun
Phone (Off.) 0135-2712100
0135-2712200
(Fax) 0135-2712500
E-mail cs-uttarakhand@nic.in

2. समस्त व्यैक्तिक सहायक/निजी सचिव, मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष, उत्तराखण्ड को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उपरोक्त के सम्बन्ध में मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष के संज्ञान में लाते हुए उक्तानुसार कार्यवाही हेतु अनुरोध करने का कष्ट करें।

3. निजी सचिव/व्यैक्तिक सहायक समस्त मा0 महापौर/मा0 अध्यक्ष, नगर पालिका/नगर पंचायत उत्तराखण्ड को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उपरोक्त के सम्बन्ध में मा0 महापौर/मा0 अध्यक्ष, नगर पालिका/नगर पंचायत के संज्ञान में लाते हुए उक्तानुसार कार्यवाही हेतु अनुरोध करने का कष्ट करें।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उपरोक्त के सम्बन्ध में मा0 मंत्री जी के संज्ञान में लाते हुए उक्तानुसार कार्यवाही हेतु अनुरोध करने का कष्ट करें।

1. निजी सचिव, मा0 मंत्री, सिंचाई एवं लघु सिंचाई, उत्तराखण्ड शासन।
2. निजी सचिव मा0 मंत्री, शहरी विकास, उत्तराखण्ड शासन।
3. निजी सचिव मा0 मंत्री, वन एवं वन्य जीव, उत्तराखण्ड शासन।
4. निजी सचिव मा0 मंत्री, परिवहन, उत्तराखण्ड शासन।
5. निजी सचिव मा0 मंत्री, विद्यालयी शिक्षा, उत्तराखण्ड शासन।
6. निजी सचिव मा0 मंत्री, कृषि, कृषि विपणन, उत्तराखण्ड शासन।
7. निजी सचिव मा0 राज्य मंत्री, महिला कल्याण एवं बाल विकास, उत्तराखण्ड शासन।
8. निजी सचिव मा0 राज्य मंत्री, उच्च शिक्षा, उत्तराखण्ड शासन।

प्रतिलिपिः

1. निजी सचिव, मा0 अध्यक्ष, उत्तराखण्ड विधानसभा को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उपरोक्त के सम्बन्ध में मा0 अध्यक्ष जी के संज्ञान में लाते हुए उक्तानुसार कार्यवाही करने हेतु अनुरोध करने का कष्ट करें।

2. निजी सचिव, मा0 मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड शासन को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उपरोक्त के सम्बन्ध में मा0 मुख्यमंत्री जी के संज्ञान में लाते हुए उक्तानुसार कार्यवाही करने हेतु अनुरोध करने का कष्ट करें।

(उत्पल कुमार सिंह)
मुख्य सचिव,

Scanned with CamScanner